Department of Hindi

St. Bede's College, Shimla

सामाजिक जागरूकता हेतु आयोजित गतिविधि 2023-24

तिथि :11 मार्च, 2024

गतिविधि : हिंदी विभाग और डिबेट्स एंड ड्रामेटिक्स सोसाइटी की सहभागिता में आयोजित नुक्कड़ नाटक

थीम: ***"मुझे काटो मत मुझे रोको मत"***

अवसर :अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024

उद्देश्य :

- छात्राओं को प्रदर्शन कला (परफार्मिंग आर्ट्स) में अपनी प्रतिभा और कौशल बढ़ाने के लिए प्रेरित करना।
- छात्राओं को सार्वजनिक मंच प्रदान करना जहाँ वे परिवार, समाज और प्रकृति संरक्षण में महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका को समझकर उसे आम जन के बीच रेखांकित कर सकें।
- छात्राओं को लैंगिक समानता और अवसर पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना।
- छात्राओं को अपनी भावाभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्त्व के बारे में समझाना।

11 मार्च, 2024 को सेंट बीड्स महाविद्यालय के हिंदी विभाग और डिबेट्स एंड ड्रामेटिक्स सोसाइटी की सहभागिता में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । नुक्कड़ नाटक का विषय था ***"मुझे काटो मत, मुझे रोको मत"।*** महाविद्यालय की बी.ए., बीकॉम और अर्थशास्त्र की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का मंचन एम्फीथिएटर, रिज, शिमला में आम जनता के बीच उत्साहपूर्वक किया, जिसमें महिलाओं के सशक्तीकरण के साथ ही 'चिपको' और 'नर्मदा बचाओ'

आंदोलनों के विशेष संदर्भ में प्रकृति संरक्षण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया गया। यह नुक्कड़ नाटक मूलतः इकोफेमिनिज़्म की विचारधारा को प्रदर्शित करने के लिए मंचित किया गया।

परिणाम :

• छात्राओं के प्रदर्शन कौशल को समृद्ध किया गया और दर्शकों का सामना करने के लिए उनका आत्मविश्वास बढ़ा।

• छात्राओं ने स्त्री की पारिवारिक और सामाजिक भूमिका से इतर पर्यावरण संरक्षण जैसे व्यापक क्षेत्रों में अपनी भूमिका का अन्वेषण किया।

• छात्राओं ने अपने समाज के रोल मॉडल के बारे में सीखा जिन्होंने न केवल अपनी पहचान के लिए बल्कि एक बड़े उद्देश्य के लिए संघर्ष किया।

• छात्राओं को आत्माभिव्यक्ति करने के लिए सार्वजनिक मंच मिला, जहाँ मीडिया और आम जनता द्वारा उनकी खूब सराहना हुई।

एम्फीथियेटर रिज पर छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन

ब्रोशर " मुझे काटो मत मुझे रोको मत"

Amar Ujala
12 March 2024

नाटक का मंचन कर युवाओं ने बटोरी वाहवाही

शिमला। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सेंट बीड्स कॉलेज की छात्राओं की ओर से सोमवार को रिज मैदान के ओपन थियेटर में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। हिंदी विभाग और डिबेट्स एंड ड्रामेटिक्स सोसायटी की ओर से मुझे काटो मत, मुझे रोको मत नाटक के जरिये सामाजिक कुरीतियों को दर्शकों के समक्ष रखा गया। कॉलेज छात्राओं ने अपने अभिनय के माध्यम से महिलाओं की पारिवारिक, सामाजिक भूमिकाओं को रेखांकित करते हुए उनके प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अहम भूमिका को रेखांकित किया। नाटक में अरूणिमा, इशिता, जहानवी, रित्विका और भूमिका ने अभिनय किया। संवाद

मीडिया की रिपोर्ट